# संकलित परीक्षा -I(2016-17)
# SUMMATIVE ASSESSMENT – I (2016-17)
## सामाजिक विज्ञान/SOCIAL SCIENCE
## कक्षा – X/ Class – X

निर्धारित समय : 3 घण्टे
Time allowed : 3 hours

अधिकतम अंक : 90
Maximum Marks : 90

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **अनिवार्य** है।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक के **एक-एक अंक** के प्रश्न हैं। इनके उत्तर **एक शब्द** अथवा **एक वाक्य** में दें।

(iv) प्रश्न क्रमांक 9 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न **3 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 29 तक प्रत्येक प्रश्न **5 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक 30, भूगोल से मानचित्र सम्बन्धी, 3 अंक का प्रश्न है। उत्तर लिखने के बाद मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रखकर बांध दीजिए।

**General Instructions :**

(i) The question paper has **30** questions in all. All questions are **compulsory**.

(ii) Marks are indicated against each question.

(iii) Questions from serial number **1** to **8** are very short answer type questions. Each question carries **one mark**.

(iv) Questions from serial number **9** to **21** are **3 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.

(v) Questions from serial number **22** to **29** are **5 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **120 words** each.

(vi) Question number **30** is map question of **3 marks** from Geography. After completion, attach the map inside your answer book.

1a प्रचीन चीन में मुद्रण का अधिकार किसके पास था ? 1

Which authority possessed the right of printing in ancient China ?

**अथवा / OR**

1b उस पहले हिन्दी उपन्यास का नाम लिखिए जो फंतासी के तत्वों से बुना हुआ रोमानी उपन्यास है। 1

Name the first Hindi novel based on romance with dazzling element of fantasy.

2 रबी की किसी एक फसल का नाम लिखिए। 1



Download from : http://jsuniltutorial.weebly.com/ 

Name any one Rabi crop.

3 नागरिक अधिकार आन्दोलन तथा अश्वेत शक्ति आन्दोलन में एक अन्तर लिखिए। 1

Give one point of differentiate between Civil Rights Movement and Black Power Movement.

4 भारत के स्थानीय स्वशासन में कितनी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित है? 1

How many seats are reserved for the women in the Indian local self-government?

5 'नियंत्रण एवं संतुलन' की व्यवस्था से क्या अभिप्राय है? 1

What is meant by the system of 'checks and balances'?

6 औसत आय को विकास का एक महत्त्वपूर्ण मापदंड क्यों माना जाता है? एक कारण दीजिए। 1

Why is average income considered as an important criterion for development? Give one reason.

7 ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करने हेतु कोई एक सुझाव दीजिए। 1

Suggest any one way to create employment opportunity in the rural areas.

8 नवीकरणीय एवं अनवीकरणीय संसाधनों में एक अंतर दीजिए। 1

Give one difference between renewable and non-renewable resources.

9a 19 वीं सदी के प्रारम्भ में भारतीय सूती कपड़ा व्यापार में आई गिरावट के किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। 3

Explain any three causes which led to the decline of Indian cotton textiles in early nineteenth century.

**अथवा/OR**

9b "अठारहवीं सदी में ग्रामीण क्षेत्रों के किसान और दस्तकारों ने तत्परता से शहरों में व्यापारियों के लिए काम करना स्वीकार कर लिया था"। इसके कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए। 3

"In the eighteenth century Europe, the peasants and artisans in the countryside readily agreed to work for the merchants." Explain any three reasons.

**अथवा/OR**

9c उन्नीसवीं सदी में धनी लंदनवासियों ने गरीबों के लिए मकान बनाने की जरूरत का समर्थन क्यों किया? 3

Why did well-off Londoners support the need to build housing for the poor in the nineteenth century? Explain any three reasons.

10a पानी के जहाजों में रेफ्रिजरेशन की तकनीक के किन्हीं तीन लाभों की व्याख्या कीजिए। 3

Explain any three benefits of refrigerated ships.

**अथवा/OR**

10b उन्नीसवीं सदी के मध्य में भारत में सूती वस्त्र उद्योग के पतन के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए। 3

Explain any three factors responsible for the decline of the cotton textile industry in India in mid-nineteenth century.

**अथवा/OR**

10c 19 वीं सदी में लन्दन के गरीबों के प्रति बढ़ती चिन्ता के किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। 3

Explain any three reasons for the increasing concern for the London poor during the nineteenth century. Same as Ans 9c

11a 'वेलम' क्या है? युरोप में इसका उपयोग किस प्रकार होता था? 3

What is vellum? What was its use in Europe?

**अथवा/OR**



Download from : http://jsuniltutorial.weebly.com/ 

11b पत्रात्मक उपन्यासों तथा धारावाहिक उपन्यासों में उदाहरण की सहायता से अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

Distinguish between epistolary and serialized types of novels with examples.

12a वर्णन कीजिए कि, गुटेन्बर्ग के बचपन के अनुभव ने किस प्रकार उसे प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार करने में सहायता की? 3

Describe how did childhood experience help Gutenberg to invent the first printing press ?

अथवा/OR

12b अट्ठारहवीं शताब्दी के यूरोप में, उपन्यास पढ़ने वालों पाठकों की गिनती में वृद्धि के लिए उत्तरदायी, प्रौद्योगिकी तथा समाज में हुए किन्हीं तीन परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए। 3

Explain any three changes in technology and society which led to an increase in readers of the novel in 18th century Europe.

13 भारत में भूमि के निम्नीकरण की समस्या को हल करने के लिए कोई छः सुझाव दीजिए। 3

Suggest any six measures to solve the problems of land degradation in India.

14 वनों को किस प्रकार विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया गया है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 3

How are forests classified under different categories. Explain with examples.

15 राजस्थान के अर्ध शुष्क क्षेत्रों में वर्षाजल संग्रहण किस प्रकार किया जाता है? स्पष्ट कीजिए। 3

How is rainwater harvesting carried out in semi arid regions of Rajasthan ? Explain.

16 लोकतन्त्र में विकेंद्रीकरण की हिमायत क्यों की जाती हैं ? कोई दो कारण लिखिए। 3

Why is decentralisation favoured in democracy ? Identity any two reasons.

17 अनेक सामाजिक विभिन्नताओं का देश होने के बावजूद, नीदरलैंड में कोई संकट अथवा संघर्ष की स्थिति क्यों नहीं आई ? कारणों का विश्लेषण कीजिए। 3

Despite being a nation with numerous social divisions, why has Netherlands not faced a crisis or a conflict? Analyse the reasons.

18 श्रीलंका की सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं तीन 'बहुसंख्यकवादी कदमों' का वर्णन कीजिए। 3

Describe any three 'majoritarian measures' taken by Sri Lankan Government.

19 विकास की धारणीयता को लागू करने के कोई तीन तरीके सुझाइए। 3

Suggest any three ways to implement the sustainability of development.

20 "संगठित क्षेत्रक में मज़दूरों का शोषण नहीं होता।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के पक्ष में दिए कारणों की व्याख्या कीजिए। 3

"Workers are not exploited in organised sector." Do you agree with the statement? Explain the reasons given in support of your answer.

21 सेवा क्षेत्रक में सम्मिलित तीन अलग अलग प्रकार की सेवाओं का उल्लेख कीजिए तथा प्रत्येक का एक उदाहरण भी दीजिए। 3

Mention the three different types of services included in service sector. Give one example of each type.

22a 19 वीं सदी के विश्व को रूपान्तरित करने में तकनीकि अन्वेषणों की भूमिका को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 5

Explain, giving examples, the role played by technological inventions in transforming 19th century world.

अथवा/OR

22b 1871में भाप के इंजन में किसने सुधार किए और पेटेंट करा लिया? उन्नीसवीं सदी के दौरान औद्योगीकरण के चारों चरणों का वर्णन कीजिए। 5

Who improved and patented the steam engine in 1781 ? Describe the four processes of



Download from : http://jsuniltutorial.weebly.com/ 

industrialisation during nineteenth century.

**अथवा / OR**

22c ''शहरों का विकास पारिस्थितिकी और पर्यावरण को नुकसान पहुँचा कर हुआ है''। अपने उत्तर की पुष्टि उपयुक्त उदाहरण देकर कीजिए। 5

"City development occurred everywhere at the expense of ecology and environment". Substantiate your answer with suitable examples.

23a भारत में प्रिंटिंग प्रेस को शुरू करने में विदेशियों के प्रारम्भिक प्रयासों की व्याख्या संक्षेप में कीजिए। 5

Explain briefly the initial efforts made by foreigners to introduce printing press in India.

**अथवा / OR**

23b भारत में उपन्यासों के किन्हीं पांच लाभों की व्याख्या कीजिए। 5

Explain any five uses that the novels served in India.

24 भारत में चाय की उपज के लिए आवश्यक चार भौगोलिक दशाओं का उल्लेख कीजिए। दक्षिण भारत के किन्हीं दो चाय उत्पादक राज्यों के नाम बताइए। 5

Mention four geographical conditions required for the growth of tea in India. Name any two tea growing states of south India.

25 भारत में मानव गतिविधियों ने वनस्पतिजात और प्राणिजात के ह्रास को किस प्रकार प्रभावित किया है? स्पष्ट कीजिए। 5

How have human activities affected the depletion of the flora and fauna in India ? Explain.

26 भारत में संघीय व्यवस्था को मजबूत करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए। 5

Examine the factors that have strengthened Indian federalism.

27 भारत की राजनीति में सांप्रदायिकता की अभिव्यक्ति किस प्रकार की जा रही है। स्पष्ट कीजिए। 5

How is communalism being expressed in the politics of India ? Explain.

28 भूमिगत जल का उदाहरण देकर धारणीय विकास के महत्व को स्पष्ट कीजिए। 5

Explain the importance of sustainable development by giving the example of ground water.

29 ''जब कोई देश विकसित होता है तो प्राथमिक क्षेत्रक का योगदान कम हो जाता है और द्वितीयक तथा तृतीयक क्षेत्रकों का योगदान बढ़ जाता है'' इस कथन का विश्लेषण कीजिए। 5

"When a country develops, the contribution of primary sector declines and that of secondary and the tertiary sector increases." Analyse the statement.

30 (a) दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र में A पर एक लक्षण चिह्नित किया गया है। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर इस लक्षण की पहचानकर मानचित्र में ही चिह्नित रेखा पर उसका नाम लिखिए : 3

(A) गेहूँ का एक प्रमुख उत्पादक राज्य

(b) उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइये एवं उनके नाम लिखिए :

(B) पर्वतीय मृदा वाला क्षेत्र

(C) टिहरी बाँध

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए हैं :**

(30.1) पर्वतीय मृदा किस राज्य में पाई जाती है?

(30.2) टिहरी बाँध किस नदी पर स्थित है?

(30.3) मध्य उत्तर प्रदेश में किस प्रकार की मृदा पाई जाती है?

Major wheat producing state
Tehri Dam
Area of Forest soil

(a) One feature A is shown in the given political outline map of India. Identify this feature with the help of following information and write its correct name on the line



Download from : http://jsuniltutorial.weebly.com/ 